Crops Damage by Wild Animals.

417. SHRI PARDEEP CHAUDHARY, M.L.A.: Will the Forest Minister be pleased to state whether it is a fact that wild animals are damaging crops of farmers and also causing accidents in the Kalka Assembly Constituency; if so, whether there is any proposal under consideration of the Government to install barbed fencing or solar fencing to solve the above said problem togetherwith the details thereof ?

KANWAR PAL, FOREST MINISTER, HARYANA

No, Sir. No complaint of crop damage by wild animals in the Kalka Assembly Constituency has been received till date. Careless driving may cause road accidents. Therefore, awareness sign boards have been fixed at different locations along roadside advising people to be careful while driving to avoid road accidents involving Wild Life. No proposal of installing barbed fencing or solar fencing in the area is under consideration of Government. However, provision has already been made to provide compensation for crop damage by Wild Animals.

जंगली जानवरों द्वारा फसलों का नुकसान

417. **श्री प्रदीप चौधरी, विधायकः** क्या वन मंत्री कृपया बताएंगें कि क्या यह एक तथ्य है कि कालका विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में जंगली जानवर किसानों की फसलों को क्षति पहुंचा रहें हैं तथा दुर्घटनाओं के कारण बन रहे हैं; यदि हां, तो उपरोक्त समस्या का समाधान करने के लिए कांटेदार बाड़ या सोलर बाड़ लगाने का क्या कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा उसका ब्यौरा क्या है ?

कंवर पाल, वन मंत्री, हरियाणाः—

नहीं, श्रीमान जी। आज तक कालका विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में जंगली जानवरों द्वारा फसलों को नुकसान पहुंचाने बारे कोई शिकायत नहीं मिली है। लापरवाह ड्राईविंग सड़क दुर्घटना का कारण बन सकती है। इसलिए दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में लोगों को सावधानीपूर्वक गाड़ी चलाने की नसीहत बारे सड़कों के साथ अलग–2 स्थानों पर साईन बोर्ड लगाये गये हैं ताकि इस प्रकार की सड़क दुर्घटनाएं जिनमें वन्य जीव भी कारण बन सकते हैं, उन्हें रोका जा सके। कांटेदार बाड़ या सोलर बाड़ लगाने का कोई प्रस्ताव सरकार के पास विचाराधीन नहीं है। हालांकि, जंगली जानवरों द्वारा फसलों के हुए नुकसान के मुआवजे के लिए पहले से ही प्रावधान किया गया है।